## एक नजर में



### युवा दिवस पर हुआ रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम

**भैरूंदा.** सरदार वल्लभ भाई पटेल कॉलेज लाड़कुई में स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस पर सूर्य नमस्कार किया गया. कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया गया. अध्यक्षता प्राचार्य डॉ चंद्रलेखा सांखला ने की. उन्होंने कहा कि युवा दिवस स्वामी विवेकानंद के विचारों के लिए एक अनुष्ठान है. डॉ. भंवर सिंह पालिया ने योग प्रशिक्षण कोर्स को विद्यार्थियों से साझा किया. विद्यार्थियों ने जागरुकता रैली एवं दौड़ के माध्यम से स्वदेशी मूल्यों को अपनाने प्रेरित किया. कार्यक्रम में प्रिया अग्निहोत्री, डॉ.महेश कुमार मालवीय, देवांश बैरागी, शैलेश पहाड़े मौजूद थे.



### शासकीय उमावि में छात्रों ने किया सूर्य नमस्कार

**डोबी.** ग्राम के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में युवा दिवस की अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया. शाला प्राचार्य सचिन भार्गव, सरपंच कल्याण सिंह पटेल, जनपद सदस्य थान सिंह चौहान, अध्यापक बृजेंद्र कुमार जोशी, जेपी चौहान, चंद्रभान चौहान, संजय भार्गव, जेपी सराठे, कार्तिक भार्गव, हरीश कौर, मनोज अहिरवार, लवकुश, संजय व्यास, प्रदीप सराठे, लखन प्रजापति, ज्योति दुबे, राजकुमारी भार्गव, रमेश साहू, शुभम मालवीय, शाहिद सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे.




### सूर्य नमस्कार के साथ निकाली जागरुकता रैली

**इछावर.** शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जन्म दिवस पर विद्यार्थियों ने जागरुकता रैली, सूर्य नमस्कार एवं रन फार स्वदेशी कार्यक्रम किया. प्राचार्या डॉ सुनीता यादव, मुकेश शर्मा ने विवेकानंद जीवन दर्शन पर ज्ञानवर्धन किया. इस अवसर पर डॉ. कलावती, विनीत शर्मा मौजूद थे.



### सांदीपनि व कन्या पीएम श्री विद्यालय में सूर्य नमस्कार

**सलकनपुर/ रेहटी.** अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर शासकीय सांदीपनी विद्यालय एवं कन्या पीएमश्री विद्यालय में सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया. कार्यक्रम में नगर परिषद उपाध्यक्ष अर्चना राजीव शर्मा, मंडल अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी सहित राजेश महेश्वरी, दामोदर यादव, प्राचार्य महेश कुमार, श्रीमती ममता चौहान, गजराज सिंह ठाकुर, कुसुम ठाकुर, शिवनंदन ठाकुर, पुरुषोत्तम दास मांगतानी, पार्षद रीना मेहरबान सिंह उपस्थित थे.



### दादा गुरु की नर्मदा परिक्रमा पहुंची बांद्राभान बांध

**डोबी.** अखंड निराहार दादा गुरु की नर्मदा परिक्रमा बांद्राभान पहुंची. परिक्रमावासियों के साथ दादा गुरु नर्मदा घाट बांद्राबांध पर पहुंचे. जहां पर क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव, सुहागपुर विधायक विजयपाल सिंह राजपूत, ट्रस्ट अध्यक्ष महेश उपाध्याय, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दादा गुरु का स्वागत किया.




### नेत्र शिविर में किया वाहन चालकों का परीक्षण

**सीहोर.** सीएसपी डॉ. अभिनन्दना शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात थाना में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया. 250 वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया. 8 वाहन चालकों को चश्मा, 9 को मोतियाबिंद, 02 को नाखूना व एक को रेटिना संबंधी बीमारियां बताई. 48 लोगों को नि: शुल्क चश्मे वितरित किए गए.

# हिंसक जानवरों की आहट, ग्रामीणों में दहशत

## जमनी-पड़ली गांव में शावकों के साथ दिखा तेंदुआ, भयभीत ग्रामीण लाठियां लेकर घूमने को विवश

- जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में दिख रहे हिंसक जानवर
- अपने खेतों पर जाने से कतरा रहे ग्रामीण



**सीहोर.** ग्राम जमनी-पड़ली में तेंदुआ दिखने के बाद भयभीत ग्रमीण हाथों में लाठियां लेकर व झुंड बनाकर ही निकल रहे हैं.

नवभारत न्यूज

**सीहोर 12 जनवरी. जिले के कई गांवों में बीते कई दिनों से जंगली जानवरों की मौजूदगी देखी जा रही है. ऐसे में ग्रामीण अपने खेतों पर जाने से कतरा रहे हैं. या फिर समूह में ही निकलने में अपनी जान की भलाई समझ रहे हैं. अब सोमवार को समीपस्थ ग्राम जमनी- पड़ली में शावकों के साथ तेंदुए की मौजूदगी ने ग्रामीणों को चिंतित कर दिया है. वह लाठियां लेकर झुंड में घर से बाहर निकल रहे हैं.**

जिले में बीते कई दिनों से जंगली जानवर देखे जा रहे हैं. अहमदपुर, सिराड़ी, गोलूखेड़ी, नीलबड़, नयापुरा और ग्राम चौंडी में तेंदुए तो बुधनी के बगवाड़ा में बाघ- बाघिन देखे जा चुके हैं. वन विभाग द्वारा कई जगहों पर पिंजरे भी लगाए गए, लेकिन तेंदुआ कैद नहीं हो सका. अब शहर के काफी नजदीक ग्राम में शावकों के साथ तेंदुआ दिखा है. जमनी पड़ली गांव में सोमवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई जब खेतों के बीच एक तेंदुआ अपने बच्चों के साथ खुलेआम घूमता नजर आया. आमतौर पर रात के अंधेरे में दिखाई देने वाला यह खतरनाक शिकारी जानवर जब दिनदहाड़े सामने आया तो पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई. लोग खेतों में काम छोड़कर घरों की ओर दौड़ पड़े और बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर छिपाया गया.

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेंदुआ हिरणों का पीछा करता हुआ गांव की सीमा तक पहुंच गया. इसी दौरान ग्रामीणों ने देखा कि उसके साथ दो छोटे शावक भी मौजूद थे. तेंदुआ जब बच्चों के साथ होता है तो वह अत्यधिक आक्रमक और सतर्क रहता है, यही कारण है कि तेंदुए की मौजूदगी ने गांववालों की चिंता कई गुना बढ़ा दी. लोगों को आशंका है कि तेंदुआ अपने शावकों की रक्षा में किसी भी हद तक जा सकता है.

घटना का वीडियो ग्रामीणों ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में तेंदुआ खेतों के पास बेखौफ घूमता दिखाई दे रहा है. इस दृश्य ने न सिर्फ जमनी पड़ली बल्कि आसपास के अनेक गांवों में भी दहशत फैला दी है.

जमनी पड़ली निवासी गजराज सिंह ठाकुर ने बताया कि सबसे पहले तेंदुआ गुलाब दादा के खेत पर नजर आया था. सूचना मिलते ही ग्रामीण डंडे-लाठियां लेकर इकट्ठा हो गए और पूरे क्षेत्र में निगरानी शुरू कर दी गई. पशुओं को बाहर निकालना बंद कर दिया गया है और खेतों में काम लगभग ठप हो गया है।

वन विभाग के रेंजर चंदर सिंह भिलाला ने बताया कि तेंदुए की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है. जैसे ही सूचना मिलती है, टीम मौके पर पहुंच रही है. तेंदुओं को पकड़ने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है. साथ ही ग्रामीणों को अकेले बाहर न निकलने, समूह में रहने और किसी भी हालत में तेंदुए को उकसाने से बचने की सलाह दी गई है. विभाग का कहना है कि लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और स्थिति पर लगातार नियंत्रण रखा जा रहा है.

### ग्रामीण रात- दिन दे रहे पहरा

पिछले करीब एक पखवाड़े से सीहोर जिले के एक दर्जन से अधिक गांवों में तेंदुए की मौजूदगी की खबरें सामने आ रही हैं. कहीं वह खेतों में देखा गया, कहीं गांव की गलियों के पास और कहीं जंगल से सटे इलाकों में. ग्रामीण रात-रात भर जागकर पहरा दे रहे हैं. महिलाएं और बच्चे खास तौर पर भयभीत हैं और शाम ढलते ही घरों में कैद हो जाते हैं.

### विभाग कर रहा है सतत सर्चिंग

हमें जहां भी तेंदुआ या किसी भी जानवर के मौजूद होने की जानकारी मिलती है. वहां टीम तुरंत पहुंचकर तलाशी अभियान चला रही है. जमनी- पड़ली में भी सर्चिंग जारी है. ग्रामीणों को हिदायत दी गई है कि वह सावधानी बरतें और ऐसी कोई भी जानकारी मिले तो तत्काल अवगत कराएं.

**सीएस भिलाला,**
वन परिक्षेत्र अधिकारी

## नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर पहुंचे समाधि स्थल



**सीहोर.** जिला मुख्यालय के इतिहास में पहली बार मकर संक्रांति के अवसर पर एक आधुनिक और भव्य तकनीकी प्रस्तुति होने जा रही है. सीहोर क्रांति अमरवीर वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत सैकड़ाखेड़ी मार्ग स्थित शहीद समाधि स्थल पर लेजर शो का आयोजन किया जाएगा. इस शो के माध्यम से सीहोर क्रांति की गौरवगाथा सहित अनेक प्रस्तुतियॉं आसमान में नजर आएगी. आयोजन को लेकर नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित स्थल से जुड़े इतिहासकार ओमदीप, आनंद गांधी से भेंट कर होने वाले कार्यक्रम में स्थल पर नपा द्वारा व्यवस्था को पूर्ण करने सीएमओ सुधीर सिंह को निर्देश दिया. निरीक्षण के दौरान नपा उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, आशीष गेहलोत, मांगीलाल मालवीय, आजम नेता, इरशाद पहलवान और कमलेश राठौर मौजूद थे. इस मौके पर यहां पर मौजूद स्थल से जुड़े ओमदीप व आनंद गांधी ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां पर आगामी दिनों में भव्य आयोजन किया जाएगा. आधुनिक लाइट और दमदार साउंड के साथ 1857 के शहीदों के बलिदान को आसमान पर उकेरा जाएगा, जो शहरवासियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा.

## एसआईआर कार्य प्रगति का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**श्यामपुर 12 जनवरी.** संभाग आयुक्त संजीव सिंह ने तहसील में मतदाता सूची के एसआईआर के कार्यों का निरीक्षण किया और कार्यों की समीक्षा की.




उन्होंने अब तक की गई प्रगति, फील्ड स्तर के सत्यापन कार्य, प्राप्त दावों एवं आपत्तियों की स्थिति तथा डिजिटल एंट्री की गुणवत्ता की जानकारी ली व निर्देश दिए कि मतदाता सूची की शुद्धता लोकतंत्र की नींव है, इसलिए एसआईआर के कार्य में पारदर्शिता, समयबद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए. विशेष रूप से नो-मैपिंग वाले मतदाताओं के प्रकरणों पर ध्यान देते हुए कहा कि ऐसे सभी मतदाताओं को नियमानुसार नोटिस समय-सीमा में तामील कराए जाएं, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम अनावश्यक रूप से सूची से न हटे और अपात्र प्रविष्टियों का समय रहते निराकरण हो सके.

संभागायुक्त श्री सिंह ने यह भी निर्देश दिए कि घर-घर सत्यापन के दौरान मृत, स्थानांतरित एवं दोहरे नामों की पहचान सावधानीपूर्वक की जाए और दस्तावेजों का परीक्षण गंभीरता से हो. सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें. इसदौरान अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, तहसीलदार श्याम चंदेले व अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

## जात-पात को त्याग एक पंगत में बैठ किया भोजन

- श्रीराम बस्ती में आयोजित हिंदू सम्मेलन में उमड़ी भीड़
- सम्मेलन में संत वक्ताओं ने एकजुट होने का किया आव्हान

नवभारत न्यूज

**भैरुंदा 12 जनवरी.** नगर की श्रीराम बस्ती में हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया. इस दौरान बौद्धिक, सांस्कृतिक आयोजन और समरसता भोज का आयोजन भी हुआ. हजारों लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया.

यह दृश्य देखकर सभी के मन में सामाजिक समरसता के भाव प्रकट हुए. इन आयोजनों की खास बात यह रही कि अतिथि के रूप में एक संघ वक्ता,एक महिला वक्ता, संत वक्ता एवं समाज से प्रबुद्ध जन मंच पर उपस्थित थे. जिन्होंने विभिन्न विषय पर बात रखी और अंत में सभी ने हिंदुओं से एकजुट होने का आह्वान किया. इससे पहले शोभा यात्रा निकाली गई थी.

मंच पर कुटुंब प्रबोधन झांसी की रानी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई. मुख्य वक्ता शिवशंकर ने कहा कि हिन्दू धर्म के लिए काम कौन करता है हमको कहीं न कहीं कम ज्यादा कमोबेश सुनाई देता होगा यह हिन्दूओं का संगठन है, जिसे हम रआरएसएस कहते हैं. वक्ता आलोक शास्त्री ने हिन्दू धर्म संस्कृति की महानता बताई. साथ ही हिन्दू एकता की बात कही. श्रीराम बस्ती में रहने वाले अभिराज परिहार ने कराटे में रजक पदक व खो-खो में दर्शन वर्मा राष्ट्रीय स्तरीय पर गोल्ड पदक, पूर्व सैनिक नायब सूबेदार संतोष पंवार को शाल श्री फल से स्वागत किया. भारत माता की आरती के बाद कार्यक्रम संपन्न हुआ.



### बोरखेड़ा में दिया समरसता एकता का संदेश

**भैरुंदा.** मंडल बोरखेड़ा में भव्य हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया. महिला वक्ता पल्लवी जाट ने सामाजिक समरसता की आवश्यकता कुटुंब के संस्कारों की बात कही. संत वक्ता के आलोक शास्त्री ने हिंदू धर्म संस्कृति की महानता बताई साथ ही हिंदू एकता की बात कही. जिला कार्यवाह राकेश पंवार ने कहा हमारा इतिहास विजय का है शौर्य और बलिदान का है, लेकिन हमें बताया जाता है अकबर महान था. कार्यक्रम में हजारों की संख्या में उपस्थित हिंदुओं ने हिंदू एकता की शपथ ली.

## ज्ञान युग दिवस के रूप में मनाया जन्मदिन

- वेद विज्ञान पीठ होलीपुरा में हुआ आयोजन
- कार्यक्रम में महारुद्राभिषेक व वेदों का किया पाठ

नवभारत न्यूज

**बुधनी 12 जनवरी.** महर्षि आश्रम महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ होलीपुरा में भावातीत ध्यान के प्रणेता महर्षि महेश योगी का 109 वां जन्मदिन महर्षि ज्ञान युग दिवस के रूप में मनाया गया.

शुरुआत में महारुद्राभिषेक किया गया. इसके पश्चात चारों वेदों का पाठ एवं गुरु पूजन संपन्न कराया गया. आश्रम प्रभारी अशोक खरे ने महर्षि महेश योगी के जीवन, दर्शन एवं स्थापित




संस्थानों की जानकारी देते हुए बताया कि आज विश्व के 142 देशों में महर्षि के विचारों पर आधारित संस्थान मानव कल्याण, शांति और चेतना विकास के लिए कार्य कर रहे हैं. कार्यक्रम में जिला भाजपा मंत्री राजेश पाल, नपाध्यक्ष अर्जुन मालवीय, रामेश्वर यादव, महेश राठौर, वासु, राजा पटेल, हितेश, हनुमत सिंह गुर्जर, हरप्रसाद गुर्जर, महंत विजय पाण्डेय उपस्थित थे. अंत में आश्रम प्रभारी ने उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरण किया.

## श्री शतचंडी महायज्ञ एवं संक्रांति मेला प्रारंभ

**शाहगंज.** मकर संक्रांति पर नर्मदा तट पर सिद्ध घाट पर पांच दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ एवं मकर संक्रांति मेले का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ. 16 जनवरी तक श्री शतचंडी महायज्ञ व मकर संक्रांति मेला आयोजित किया जा रहा है. इसी तारतम्य में सोमवार को मां नर्मदा कलश यात्रा गणेश पूजन, ब्राह्मण वर्ण एवं मंडप प्रवेश हुआ. मंगलवार को अग्नि स्थापना पूजन हवन प्रारंभ एवं 16 जनवरी को पूर्णाहुति प्रसाद वितरण एवं कन्या भोज के साथ श्री शतचंडी महायज्ञ एवं मेले का समापन होगा. मकर संक्रांति को मेले में पतंग प्रतियोगिता एवं 15 जनवरी को नौका दौड़ का आयोजन भी किया जाएगा.

## समता व मैत्री से होगा आत्म कल्याण : मुनिश्री

नवभारत न्यूज

**आष्टा 12 जनवरी.** नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने आशीष वचनों में कहा कि आज समाज में लोगों की भावनाओं में भिन्नता बढ़ती जा रही है, भेदभाव की दृष्टि व्यक्ति के पतन का कारण बनती है. जब मन में द्वेष और वैर के भाव होते हैं, तब न तो ध्यान संभव है और न ही भावों में निर्मलता आ सकती है.

मुनिश्री ने कहा कि अनादर या अपमान का बदला लेने के गलत भाव मन में आते हैं, जिससे व्यक्ति ध्यान भी नहीं कर पाता. उन्होंनेकहा कि आज का व्यक्ति इन्हीं उलझनों में फंसा हुआ है. जगत के दिखावे, धन और वैभव से दूर हुए बिना आत्मकल्याण संभव नहीं है.

उन्होंने कहा कि यदि कर्मों से मुक्ति चाहते हो तो संबंधों के मोह से दूर होना होगा. आज व्यक्ति वही चाहता है जिससे राग बढ़े. लोग दिखावे के लिए प्रभु के चरणों में जाते हैं, भगवान से कर्मों की ही कामना करते हैं और फिर उन्हीं कर्मों से मुक्ति की बात भी करते हैं. कड़वी बातें और कड़वी दवा व्यक्ति को अच्छी नहीं लगतीं, जबकि वही रोग को दूर करती हैं. संसार के सुख मांगते रहोगे तो मोह कैसे छूटेगा. मुनिश्री ने कहा कि केवल पिच्छी और कमंडल धारण कर लेने से साधु नहीं बनते. साधुभेष दिखावे के लिए नहीं, बल्कि धर्म और ध्यान की सच्ची आराधना के लिए होता है.

## उमंग, उत्साह के साथ मनेगा गणतंत्र दिवस

**सीहोर.** जिले में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा. सभी तैयारियां व इंतजाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई. कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर प्रस्तुत की जाने वाली अनेक विभागों की झांकी के लिए झांकी बनाने के पूर्व थीम अनुमोदित कराने के निर्देश दिए. गणतंत्र दिवस के अवसर पर झांकियों में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला बाल विकास, उद्यानिकी, पशुपालन, कृषि, जल संसाधन, सामाजिक न्याय, पंचायत ग्रामीण विकास सहित अनेक विभागों द्वारा उपलब्धियों को दर्शाती झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी.

वार्ता

**जिला मुख्यालय पर प्रभारी मंत्री ने कांग्रेस द्वारा मनरेगा को लेकर कांग्रेस की ओछी मानसिकता पर साधा निशाना**

## कांग्रेस को हमारे आराध्य श्रीराम के नाम से हो रही दिक्कत : कृष्णा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 12 जनवरी.** सोमवार को पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया. जिसका शुभारंभ प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, विधायक सुदेश राय ने किया.

प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि कांग्रेस हमेशा राम के नाम की दुश्मन रही है. राम के नाम को कांग्रेस ने हमेशा बदनाम किया है. कांग्रेस को मनरेगा योजना के नाम बदलने से परहेज नहीं है. केवल योजना के नए नाम में राम का नाम आने से उन्हें दिक्कत है. प्रभारी मंत्री श्रीमती गौर ने परिवर्तित मनरेगा योजना की विस्तार पूर्वक जानकारी दी.

पत्रकारों के सवाल के जवाब में विधायक सुदेश राय ने कहा कि यह रामजी का देश है. श्री राम हमारे आराध्य हैं. योजना के नाम से जुड़े जी रामजी को बोलने में किसी को भी तकलीफ नहीं होना चाहिए. जीरामजी का फुल फॉर्म विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन गारंटी ग्रामीण योजना है, जो कि अंग्रेजी जीराम जी हो रहा है. प्रेस कांफ्रेंस के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, कलेक्टर बालागुरु के, एसपी दीपक कुमार शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा नेता राजकुमार गुप्ता, रवि नागले उपस्थित थे.

प्रभारी मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार हो रहा था जिसकी रोकथाम के लिए ही यह योजना तैयार की गई है. जीरामजी योजना के तहत ग्राम पंचायत में होने वाले अब सभी निर्माण कार्यों पर निगरानी रखी जाएगी और किसी भी प्रकार के कोई भी फर्जी भुगतान नहीं होंगे. योजना के तहत अब मजदूरों को भी अधिक से अधिक काम मिलेगा. विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन गारंटी से भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितता को रोका




जाएगा मजबूत जांच पड़ताल की व्यवस्था की जाएगी. गलत तरीके के पैसे के लेनदेन को रोका जाएगा. नकली और डुप्लीकेट जॉब कार्ड अब नहीं बनेंगे फर्जी लाभार्थी अब नहीं होंगे बड़ा चढ़कर या मनगढ़ंत हाजिरी रजिस्टर मस्टर रोल अब नहीं बनेगा. श्रमिकों को पूरा भुगतान वेतन देना होगा.